दिनांक–23.06.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार-

1. सिंघस्थ तक इंदौर-उज्जैन के बीच शुरू होगा मेट्रो ट्रेन का संचालन, मुख्यमंत्री ने हर जिले में विकास का रोड मैप बनाने के दिए निर्देश।
2. राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आज, प्रदेश में एक करोड़ 85 लाख से अधिक पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य।
3. सिवनी गौवंश हत्याकांड मामले में सिवनी कलेक्टर-एसपी हटाए गए।
4. टी-20 क्रिकेट विश्व कप में बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइल में पहुंची भारतीय टीम।

मेट्रो ट्रेन

इंदौर और उज्जैन के बीच मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल भोपाल में एक बैठक में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के बड़े नगरों के लिए नए ट्रैफिक प्लान की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसको लेकर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इसको लेकर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं के लिए आवाजाही की सुविधा की दृष्टि से भी मेट्रो ट्रेन उपयोगी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो चलाने से संबंधित फिजिबिलिटी सर्वे की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। आने वाले समय में इंदौर एयरपोर्ट से महाकाल मंदिर तक वंदे मेट्रो की सुविधा प्रदेशवासियों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए एक अहम सौगात होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास के कार्य निरंतर चलते रहें। हर जिले में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया जाए। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रवार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाए।

सिवनी गौवंश

सिवनी में गौवंश के शव मिलने के मामले में जिला कलेक्टर क्षितिज सिंघल और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौ-वंश हत्या की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में गौवंश के खिलाफ कोई भी अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. यादव ने जबलपुर संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को भी पूरे मामले पर

नजर रखने को कहा है। गौ-वंश हत्या के 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो आरोपियों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून-रासुका में कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही इस घटना में संलिप्त पाए गए प्रत्येक आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। रीवा नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को सिवनी कलेक्टर और सुनील कुमार मेहता को सिवनी एसपी नियुक्त किया गया है। देर रात चार आईएएस और 6 आईपीएस की नई पदस्थापना आदेश जारी किए गए जिनमें सिवनी कलेक्टर, एसपी के भी नाम शामिल थे।

नीट पीजी परीक्षा स्थगित

आज होने वाली नीट-पी.जी. प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथि जल्दी ही घोषित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित कदाचार के हाल के आरोपों के बाद लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा संचालित नीट-पी.जी. प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया का समग्र आकलन कराने का फैसला किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय विद्यार्थियों के हित में और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए लिया गया है। वहीं शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- नीट-यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस मामले में लिप्त पाया जाता है, उसके खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को एन.टी.ए. महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

एमपी-पीएससी

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव ने बताया है कि आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2024 निर्धारित तिथि 23 जून दिन रविवार को नियत समय पर ही संपूर्ण दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे एवं दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक दो सत्रों में प्रदेश के संभाग एवं जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है। आयोग ने उन खबरों को खंडन किया है जिनमें MP-PSC प्री का पेपर लीक होने का दावा किया जा रहा था। आयोग की तरफ से कहा गया है कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पल्सपोलियो

प्रदेश में आज से पल्स पोलियो अभियान प्रारंभ हो रहा है। तीन दिन तक चलने वाले अभियान में प्रदेश में 1 करोड 45 लाख पोलियो डोज की व्यवस्था की गई है। दो बूंद जिंदगी की राज्य के 27 हजार 371 बूथ पर पिलाई जाएगी। अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भोपाल में करेंगे। पहले दिन 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। पहले दिन पल्स पोलियो की दवाई से वंचित रहने वाले बच्चों को अगले दिन 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दवा पिलाई जायेगी। खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में 1 हजार 465 पोलियो बूथ बनाये गये हैं, जिन पर 2930 वैक्सीनेटर और 145 सुपरवाईजर लगाये गये है। जिले में स्वास्थ्य विभाग ने सभी पालकों से अपील की है कि अपने बच्चों का नजदीकी टीकाकरण बूथ पर ले जाकर दवाई अवश्य पिलवायें। साथ ही दूसरों को दवा पिलवाने के लिए प्रेरित करे। मंडला में भी आज सभी बूथों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक पोलिया रोधी दवा पिलाई जाएगी। देवास जिले में पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

जिले में 1 हजार 786 बी एवं सी बूथ बनाए गए हैं। आगर मालवा में 85 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इंदौर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर तरुण गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान मलिन बस्ती, निर्माण क्षेत्रों, घुमंतु जनसंख्या पर विषेष ध्यान रहेगा। इसके अलावा रेल्वे स्टेषन और बस स्टेंड पर भी पोलियो दवा के बूथ लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक बच्चे लाभांवित हो सके।

मुरैना, सीहोर, छतरपुर, अनूपपुर, शहडोल सहित अन्य सभी जिलों में पेलियो की दवा पिलाई जाएगी।

मौसम

प्रदेश में राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में बादलों की लुकाछिपी के बीच कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश होने लगी है। इंदौर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल दिनभर बादलों के छाने का दौर चला, दो दिन से चल रही इस प्री-मानसून एक्टिविटी के चलते शहर का पारा पांच डिग्री तक गिर गया है।

मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 24 घंटों में मानसून की एंट्री के आसार जताए हैं। वहीं इंदौर, भोपाल, जबलपुर समेत 8 जिलों में अगले 48 घंटों में मानसून पहुंच सकता है। इस दौरान कहीं हल्की मध्यम तो कहीं तेज बारिश हो सकती है। इस दौरान डेढ़ से दो इंच बारिश होने का अनुमान जताया जा रहा है।

टी20 क्रिकेट

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप क्रिकेट में भारत ने बांग्लादेश को 50 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत अब आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई हो गया है और बांग्लादेश दौड़ से बाहर हो गया है।

बीती रात एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 196 रन बनाए। जबकि, बांग्लादेश ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 146 रन बनाए। भारत की ओर से हार्दिक पंड्या को बेहतरीन अर्धशतकीय पारी और गेंदबाजी में बहुमूल्य एक विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

संक्षिप्त समाचार

1- खंडवा में राज्य सेवा व राज्य वन सेवा परीक्षा आज आयोजित होगी। इसमें 1 हजार 807 परीक्षार्थी शामिल होंगे।
2- झाबुआ में कल पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए वृक्षारोपण किया और केबिनेट मंत्री महिला बाल विकास ने कहा कि आज के समय में बच्चों को किताबों की ओर रुझान लाना बहुत आवश्यक हो गया है।
3- इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्र मे पौधारोपण महा अभियान के लिए जिले की समस्त पंचायतों के सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन कल इन्दौर के लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ।
4- रायसेन जिला के जेल पठारी में जेल निरीक्षण ने कल सह विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर-

1. सिंघस्थ तक इंदौर-उज्जैन के बीच शुरू होगा मेट्रो ट्रेन का संचालन, मुख्यमंत्री ने हर जिले में विकास का रोड मैप बनाने के दिए निर्देश।
2. राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आज, प्रदेश में एक करोड़ 85 लाख से अधिक पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य।

3. सिवनी गौवंश हत्याकांड मामले में सिवनी कलेक्टर-एसपी हटाए गए।
4. टी-20 क्रिकेट विश्व कप में बांग्लादेश को हराकर सेमीफाइल में पहुंची भारतीय टीम।

---

मेट्रो ट्रेन

इंदौर और उज्जैन के बीच मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल भोपाल में एक बैठक में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के बड़े नगरों के लिए नए ट्रैफिक प्लान की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसको लेकर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इसको लेकर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं के लिए आवाजाही की सुविधा की दृष्टि से भी मेट्रो ट्रेन उपयोगी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर-उज्जैन के मध्य मेट्रो चलाने से संबंधित फिजिबिलिटी सर्वे की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। आने वाले समय में इंदौर एयरपोर्ट से महाकाल मंदिर तक वंदे मेट्रो की सुविधा प्रदेशवासियों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए एक अहम सौगात होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास के कार्य निरंतर चलते रहें। हर जिले में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया जाए। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रवार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाए।

सिवनी गौवंश

सिवनी में गौवंश के शव मिलने के मामले में जिला कलेक्टर क्षितिज सिंघल और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौ-वंश हत्या की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में गौवंश के खिलाफ कोई भी अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. यादव ने जबलपुर संभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को भी पूरे मामले पर नजर रखने को कहा है। गौ-वंश हत्या के 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो आरोपियों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून-रासुका में कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही इस घटना में संलिप्त पाए गए प्रत्येक आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। रीवा नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को सिवनी कलेक्टर और सुनील कुमार मेहता को सिवनी एसपी नियुक्त किया गया है। देर रात चार आईएएस और 6 आईपीएस की नई पदस्थापना आदेश

जारी किए गए जिनमें सिवनी कलेक्टर, एसपी के भी नाम शामिल थे।

एमपी-पीएससी

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के सचिव ने बताया है कि आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2024 निर्धारित तिथि 23 जून दिन रविवार को नियत समय पर ही संपूर्ण दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे एवं दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक दो सत्रों में प्रदेश के संभाग एवं जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है। आयोग ने उन खबरों को खंडन किया है जिनमें MP-PSC प्री का पेपर लीक होने का दावा किया जा रहा था। आयोग की तरफ से कहा गया है कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पल्सपोलियो

प्रदेश में आज से पल्स पोलियो अभियान प्रारंभ हो रहा है। तीन दिन तक चलने वाले अभियान में प्रदेश में 1 करोड 45 लाख पोलियो डोज की व्यवस्था की गई है। दो बूंद जिंदगी की राज्य के 27 हजार 371 बूथ पर पिलाई जाएगी। अभियान का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भोपाल में करेंगे। पहले दिन 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। पहले दिन पल्स पोलियो की दवाई से वंचित रहने वाले बच्चों को अगले दिन 24 एवं 25 जून को घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दवा पिलाई जायेगी। खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में 1 हजार 465 पोलियो बूथ बनाये गये हैं, जिन पर 2930 वैक्सीनेटर और 145 सुपरवाईजर लगाये गये है। जिले में स्वास्थ्य विभाग ने सभी पालकों से अपील की है कि अपने बच्चों का नजदीकी टीकाकरण बूथ पर ले जाकर दवाई अवश्य पिलवायें। साथ ही दूसरों को दवा पिलवाने के लिए प्रेरित करे। मंडला में भी आज सभी बूथों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक पोलिया रोधी दवा पिलाई जाएगी। देवास जिले में पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया है।

जिले में 1 हजार 786 बी एवं सी बूथ बनाए गए हैं। आगर मालवा में 85 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इंदौर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर तरुण गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान मलिन बस्ती, निर्माण क्षेत्रों, घुमंतु जनसंख्या पर विषेष ध्यान रहेगा। इसके अलावा रेल्वे

स्टेषन और बस स्टेंड पर भी पोलियो दवा के बूथ लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक बच्चे लाभांवित हो सके।

मुरैना, सीहोर, छतरपुर, अनूपपुर, शहडोल सहित अन्य सभी जिलों में पेलियो की दवा पिलाई जाएगी।

-----------------------